इस प्रश्न–पत्र में 16 प्रश्न तथा 11 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. **54/AS/4**

**Set–A**

# HINDI
## (हिन्दी)
## (201)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर
1. ____________________
2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1 परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **54/AS/4–A** लिखें ।

# HINDI

## (हिन्दी)

## (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** **(1)** **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

**(2)** प्रश्नों के लिए निर्धारित **अंक** उनके सामने दिए गए हैं ।

**1** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **1×5=5**

(i) 'आह्वान' कविता में 'विविध सुमनों की एक माला' का भाव है –

(A) अनेक प्रकार के फूलों की माला

(B) अनेकता होने पर भी एकता

(C) विविधता होने पर अनेकता

(D) अनेक प्रकार के ढंग

(ii) 'आज़ादी' कविता में दर्जी और शागिर्द के संवाद के माध्यम से बताया गया है –

(A) सिलाई के महत्व को (B) बछड़े के महत्व को

(C) सुई के महत्व को (D) कर्त्तव्य के महत्व को

(iii) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'पोखर' शब्द आया है –

(A) नदी के लिए (B) खंभे के लिए

(C) बगुले के लिए (D) तालाब के लिए

(iv) 'आह्वान' कविता के कवि का नाम है –

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) बालचंद्रन्

(C) जयशंकर प्रसाद (D) नागार्जुन

(v) 'इसे जगाओ' कविता में कवि ने किस शैली का प्रयोग किया है ?

(A) विवरण (B) समास

(C) वार्तालाप (D) आत्मकथा

**2** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में लिखिए : **1×6=6**

(i) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के आधार पर लिखिए कि पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए आप क्या उपाय कर सकते हैं ?

(ii) 'आह्वान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि भाग्यवादी और भाग्यशाली में क्या अंतर है ?

(iii) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने बगुले को समाज के किन लोगों का प्रतीक माना है और क्यों ?

(iv) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में किस पृष्ठभूमि को चित्रित किया गया है ?

(v) 'इसे जगाओ' कविता का मुख्य संदेश क्या है ?

(vi) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने असफल लोगों के प्रति सम्मान क्यों व्यक्त किया है ?

**3** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके कवि के नाम का उल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : **5**

अंबर पनघट में डुबो रही
तारा–घट ऊषा नागरी ।

**अथवा**

दृढ़व्रत औ दुर्दम साहस के
जो उदाहरण थे मूर्तिमंत ।

**4** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में लिखिए : **2×3=6**

(क) 'वृंद' के अनुसार निरंतर अभ्यास से क्या लाभ होता है ? दिए गए उदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'आह्वान' कविता में कर्म और परिश्रम के बारे में कवि ने क्या कहा है ?

(ग) 'आज़ादी' कविता में उस्ताद से अपने प्रश्न का उत्तर पाने के बाद शागिर्द पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने तालाब में पत्थरों को प्यासे, पानी पीते पत्थर क्यों कहा है ?

5 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में लिखिए : **3**

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता को दृष्टि में रखते हुए बताइए कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग करने से आपको कौन सी हानियाँ उठानी पड़ीं ?

**अथवा**

'इसे जगाओ' कविता के माध्यम से कवि ने क्या कहा है ? इस संदेश से आप देशहित में क्या करना चाहेंगे ?

6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **1×6=6**

(i) बहादुर ने वाचक के घर काम करने से मना क्यों कर दिया ?

(A) घर की बहुत याद आने से

(B) चोरी का झूठा आरोप लगाए जाने से

(C) निर्मला द्वारा उसके लिए रोटी नहीं सेके जाने से

(D) उसके पिता को गाली दिए जाने से

(ii) 'गिल्लू' अपनी समस्याओं का समाधान कर लेता था –

(A) काजू कम खाकर

(B) लेखिका का सिर सहलाकर

(C) थाली पर बैठकर खाने से

(D) सुराही पर सोने से

(iii) मदर मार्गरेट को जादू की पुड़िया क्यों कहा गया है ?

(A) रोगियों पर जादू करके भला–चंगा कर देती थी

(B) रोगियों को मनुष्य बना देती थी

(C) अपने व्यवहार और सेवा से रोगियों को ठीक कर देती थी

(D) कद में छोटी थी

(iv) 'अंधेर नगरी' पाठ में महंत के नगर छोड़कर जाने का कारण था –

(A) पुलिस द्वारा रिश्वत लेना ।

(B) गोबरधनदास द्वारा निंदा ।

(C) सभी वस्तु टके सेर मिलना ।

(D) भावी संकट की आशंका होना ।

(v) लेखिका ने सोनजुही लता के बीच गिल्लू की समाधि क्यों बनवाई ?

(A) उसकी कलियाँ सुगंधित थीं ।

(B) गिल्लू को सोनजुही की लता प्रिय थी ।

(C) उसकी कलियाँ सुनहरी थीं ।

(D) उसकी कलियाँ पीली थीं ।

(vi) सुखी राजकुमार कहानी के लेखक का नाम है –

(A) धर्मवीर भारती (B) ऑस्कर वाइल्ड

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) मुंशी प्रेमचंद

7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 1×7=7

(i) बहादुर जैसे किशोरों से श्रम कराने और उनके प्रति अत्याचार या हिंसा करने वालों के लिए कानूनी व्यवस्था क्या है ? ऐसे पीड़ित व्यक्ति के लिए मानवीय मूल्यों की दृष्टि से आप कैसा व्यवहार करेंगे ?

(ii) समानुभूति और करुणा के भाव रखने से क्या लाभ हो सकते हैं ? 'गिल्लू' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(iii) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में महिलाओं के योगदान के मूल में निहित कौन सी भावना को उजागर किया गया है ?

(iv) अखबारों में छपने वाले विज्ञापन कैसे होने चाहिए ?

(v) 'साक्षात्कार' किसे कहते हैं ? 'अखबार की दुनिया' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(vi) ईश्वर द्वारा राजकुमार और गौरैया को स्वर्ग में स्थान देने की बात से कहानीकार क्या संदेश देना चाहता है ? 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(vii) 'अंतरिक्ष की यह बेटी अंतरिक्ष में ही खो गई' – लेखक ने यह वाक्य किसके लिए और क्यों कहा ?

8 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

घर वालों का तो कहना ही क्या, मुहल्ले वाले, घर के नौकर–चाकर तक नित्य द्वेषपूर्ण टिप्पणियाँ किया करते थे – बड़ा मनहूस खेल है । घर को तबाह कर देता है । खुदा न करे किसी को इसकी चाट पड़े, आदमी दीन–दुनिया किसी के काम का नहीं रहता – न घर का न घाट का । बुरा रोग है । यहाँ तक कि मिरज़ा की बेगम को इससे इतना द्वेष था कि अवसर खोज–खोजकर पति को लताड़ती थी । पर उनको इसका अवसर मुश्किल से मिलता था । वह सोती रहती थी, तब तक बाजी बिछ जाती थी और रात को जब सो जाती थी, तब कहीं मिरज़ाजी घर में आते थे ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ख) गद्यांश में किस रोग के बारे में चर्चा की गई है ? उसके बारे में क्या बातें कही गई हैं ?

(ग) मिरज़ा की बेगम को पति से उलझने का मौका मुश्किल से क्यों मिलता था ?

**अथवा**

ये दो महिलाएँ अब भारतीय महिला के अदम्य साहस, बुद्धि–कौशल और कर्त्तव्य–निष्ठा की प्रतीक बन चुकी हैं । ये महिलाएँ किसी बहुत बड़े या संपन्न परिवार से नहीं आई हैं न इन्हें कुछ ज्यादा सुख–सुविधाएँ ही प्राप्त थीं । इनका पालन–पोषण भी सामान्य भारतीय लड़कियों की तरह ही हुआ था । इनकी शिक्षा–दीक्षा भी सामान्य लोगों की तरह ही हुई थी । जब इन्होंने अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ना शुरू किया था, तब सामान्य लड़कियों की तरह इनका भी विरोध हुआ था, लेकिन इन्होंने अपने साहस और आत्मविश्वास के बल पर लोगों के विरोध या प्रतिकार पर ध्यान नहीं दिया ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ख) किन दो महिलाओं की बात की गई है ? इनका पालन–पोषण और शिक्षा कैसे हुई ?

(ग) उन्होंने लोगों का विरोध कैसे शांत किया ?

**9** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में लिखिए : **2×4=8**

(क) बहादुर के प्रति वाचक या उसके परिवार द्वारा किए गए अत्याचार के कोई दो उदाहरण दीजिए ।

(ख) लिखने में व्यस्त लेखिका का ध्यान गिल्लू कैसे आकृष्ट करता था ? लेखिका उसे कैसे शांत करती थी ?

(ग) अखबारों में प्रकाशित होने वाले फोटो का क्या महत्व है ?

(घ) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर मदर टेरेसा की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ङ) 'सुखी राजकुमार' पाठ में मेयर ने राजा की मूर्ति के बारे में क्या कहा और क्यों ?

**10** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **3×3=9**

(क) किसी आर्थिक, पारिवारिक समस्या आ जाने पर समस्या समाधान के लिए आप क्या उपाय करेंगे ? 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के संदर्भ में उत्तर दीजिए ।

(ख) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के द्वारा लेखक ने क्या संदेश दिया है ? आज के संदर्भ में आप इसे कितना प्रासंगिक मानते हैं और क्यों ?

(ग) नाखून को काटने की प्रवृत्ति किस बात की निशानी है ? 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'अपना पराया' पाठ के आधार पर बताइए कि मन का स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए क्या करना चाहिए ?

11 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल–पल परिवर्तित प्रकृति वेश ।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग–सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार–बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण–सा फैला है विशाल ।
गिरि का गौरव गाकर झर–झर
मद में नस–नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों–से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर ।
गिरिवर के उर से उठ–उठ कर
उच्चाकांक्षाओं–से तरुवर
है झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंता पर ।

(क) काव्यांश में किसका वर्णन किया गया है ?

(ख) तालाब की तुलना किससे की गई है और क्यों ?

(ग) झरने कैसे हैं और क्या कर रहे हैं ?

(घ) काव्यांश में वृक्षों को क्या माना गया है ?

(ङ) पेड़ों को किनके समान बताया गया है ?

12 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

विकास और पर्यावरण के मुद्दे और उनके परस्पर संबंध आध्यात्मिक महत्व के हैं । खासकर भारत के संदर्भ में । पहली प्राथमिकता तो यह है कि सभी लोगों की जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ पूरी की जा सकें और पर्यावरण और उसकी संपदाओं का किसी प्रकार का अवांछित अपघटन न हो सके । आर्थिक विकास की उच्च ऊर्जा पर आधारित जीवनशैली ने भौतिक समृद्धि को बढ़ाया है । विकासशील देश आज पर्यावरण संकट और विकास के संकट दोनों से घिरे हुए हैं । ये दोनों ही संकट एक दूसरे की तीव्रता और परस्पर प्रतिक्रिया से समस्या को और गहरा बना रहे हैं । एक तरफ तो असमानता, निर्धनता, बेरोजगारी की समस्याओं का कोई अंतर नहीं दिखाती, जिन्हें विकास की प्रक्रिया द्वारा सुलझाना है, दूसरी तरफ पर्यावरण का अपघटन बढ़ता ही जा रहा है । रोचक तथ्य यह है कि वायु और जल के प्रदूषण की समस्याएँ विकासशील विश्व में बढ़ती ही जा रही हैं और अधिकांश स्थानों पर इन्होंने विकराल रूप धारण कर लिया है ।

(क) भारत में प्राथमिक रूप से क्या महत्वपूर्ण है ?

(ख) विकासशील देश कैसे संकटों से घिरे हैं ?

(ग) विकास की प्रक्रिया द्वारा किन समस्याओं का समाधान हो सकता है ?

(घ) किन समस्याओं का रूप आज विकराल हो गया है ?

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

13 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(i) किसी **एक** समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए –

अश्वारोहण **अथवा** स्वर्ग–नरक

(ii) संधि–विच्छेद कीजिए – हृदयोद्गार, शुभाकांक्षी

(iii) 'वि' तथा 'प्र' उपसर्ग से **एक–एक** शब्द बनाइए ।

(iv) जो माँ–बाप की सेवा करते हैं, उनकी प्रशंसा होती है । (सरल वाक्य में बदलिए)

(v) वे अध्ययनशील हैं और परिश्रम करते हैं । (वाक्यभेद बताइए)

(vi) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक–एक** शब्द लिखिए –

(क) जो ईश्वर में विश्वास रखता है ।

(ख) किए हुए उपकार को न मानने वाला ।

(vii) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाविशेषण छाँटकर लिखिए –

(क) चोर को बुरी तरह पीटा गया ।

(ख) वह सदा से यही व्यापार करता आया है ।

(viii) किसी **एक** मुहावरे का वाक्यप्रयोग कीजिए –

(क) बाग़ बाग़ होना

(ख) मुँह की खाना

(ix) 'ता' और 'इक' प्रत्यय से **एक–एक** शब्द बनाइए ।

(x) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए –

आपने यह क्या करा ?

**14** निम्नलिखित गद्यांश का सार **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए : **5**

आधुनिक समय में आवागमन के साधन विकसित होने से किसी भी भू–भाग में पोषण पदार्थों की आवश्यकता के अनुरूप, इनकी पूर्ति की जा सकती है, जिससे अकाल जैसी स्थिति से निपटा जा सकता है । यहाँ पहले बाढ़ आदि के प्रकोप से बहुत अधिक मात्रा में विनाशलीला देखी जाती थी, किंतु अब नदियों पर बाँध आदि के निर्माण से इसमें कमी आ चुकी है, जिससे हरितक्रांति को भी बल मिला है । सिंचाई सुविधाओं के विकास से यह भू–भाग खाद्य–पदार्थों के संदर्भ में आत्मनिर्भर हो चुका है, किन्तु अभी तक निर्धन जनसमूह कुपोषण से प्रभावित है । ऐसा अनुमान है कि यहाँ की लगभग आधी जनसंख्या को उसके अच्छे स्वास्थ्य के आवश्यकतानुसार पोषण पदार्थों की पूर्ति नहीं हो पाती है । भारत में प्रति व्यक्ति आय भी पोषण पदार्थों की पूर्ति हेतु उपयुक्त नहीं है । यहाँ पर श्रमशक्ति का भी अभाव है क्योंकि यहाँ की जनसंख्या में बाल्यावस्था के सदस्यों का प्रतिशत अधिक होने से आर्थिक आधार पर निर्भरता का अनुपात अधिक है और श्रमशक्ति की वृद्धि दर भी निम्न ही है ।

15 अपने क्षेत्र में डाकसेवाओं की उपलब्धता के लिए क्षेत्रीय अधीक्षक डाकसेवा के नाम से एक प्रार्थना पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

मित्र को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखिए जिसमें अपने पालतू कुत्ते की दुर्घटना में मृत्यु का समाचार हो ।

16 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण

(ख) स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन

(ग) विदेशों में भारत की छवि

(घ) मेरी प्रिय भाषा : हिन्दी

---